## SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक के दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें । वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड कर सावधानी पूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे । परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।



कनि. वैज्ञा. सहा.-2019 (सीरम) Time (3-5)
Date : 15.09.2019

# 71 प्रश्न पुस्तिका QUESTION BOOKLET

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 24
समय / Time : 2.00 घंटे / Hours 3 TO 5 AFTERNOON
पूर्णांक / Maximum Marks : 300

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Number 71000625

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। / Do not open this test booklet until you are asked to do so.

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination before attempting the question paper kindly check your test booklet and OMR Answer Sheet and ensure that :
* The serial numbers of test booklet and OMR answer sheet are same.
* All pages of test booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions from S.No. 1 to last S.No. 100 are printed and pages from S.No. 1 to last S. No. 24 are there in the question booklet.

In case of any discrepancy / defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and OMR answer sheet. No claim / objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. Each question has four alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D). You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.
8. Use of Mobile Phone/Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
9. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examination of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित करलें कि:
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र में प्रश्न सं. 1 से अन्तिम क्रमांक 100 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार 1 से 24 तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।
8. मोबाईल फोन / ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरूद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
9. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** :अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।



HelpStudentPoint.com

1 In whose memory is the Parbatsar Fair held ?

(A) Gogaji (B) Tejaji

(C) Ramdevji (D) Jambhoji

किसकी स्मृति में परबतसर का मेला आयोजित किया जाता है ?

(A) गोगाजी (B) तेजाजी

(C) रामदेवजी (D) जम्भोजी

2 Which of the following Rajasthani dialect has strong influence of Gujarati ?

(A) Dhundhari (B) Harauti

(C) Mewati (D) Vagadi

निम्नलिखित राजस्थानी बोलियों में से किस पर गुजराती का मजबूत प्रभाव है ?

(A) ढूंढारी (B) हाड़ौती

(C) मेवाती (D) वागड़ी

3 Which one of the following styles of painting is known for Panchatantra Paintings ?

(A) Bundi (B) Marwar

(C) Mewar (D) Nathdwara

निम्नलिखित में से कौनसी चित्रशैली पंचतन्त्र चित्रांकन के लिये जानी जाती है ?

(A) बूंदी (B) मारवाड़

(C) मेवाड़ (D) नाथद्वारा

4 Name the clan deity of Rathore dynasty ?

(A) Ashapala (B) Shakambhari

(C) Nagnechi (D) Bijasan

राठौड़ राजवंश की कुलदेवी का नाम बताइये ।

(A) आशापाला (B) शाकम्भरी

(C) नागणेची (D) बीजासन

5 Where did the first revolt break out in 1857 in Rajasthan ?

(A) Ajmer (B) Nasirabad

(C) Erinpura (D) Mount Abu

राजस्थान में 1857 में प्रथम विद्रोह कहाँ हुआ ?

(A) अजमेर (B) नसीराबाद

(C) एरिनपुरा (D) माउन्ट आबू



6 Who was Siddhraj Dhadha ?

(A) Jain Scholar (B) Diplomat

(C) Educationist (D) Gandhian and Sarvodaya leader

सिद्धराज ढ़डढ़ा कौन थे ?

(A) जैन विद्वान (B) कूटनीतिज्ञ

(C) शिक्षाशास्त्री (D) गांधीवादी एवं सर्वोदयी नेता

7 Where is the Kishore Sagar Lake (Talao) situated ?

(A) Bundi (B) Kishangarh

(C) Udaipur (D) Kota

किशोर सागर झील (तालाब) कहाँ स्थित है ?

(A) बूंदी (B) किशनगढ़

(C) उदयपुर (D) कोटा

8 The feast 'Badhar' is held on the occasion of ________.

(A) Marriage (B) Childbirth

(C) Death (D) Holy Pilgrimage

बढार का भोज निम्न में से किस मौके पर रखा जाता है ?

(A) विवाह (B) जन्म

(C) मृत्यु (D) तीर्थ–यात्रा

9 Name the place where Kalibai became a martyr ?

(A) Sagwada (B) Khadlai

(C) Kherwara (D) Rastapal

उस स्थान का नाम बताइये जहाँ कालीबाई शहीद हुयी ?

(A) सागवाड़ा (B) खड़लाई

(C) खेरवाड़ा (D) रास्तापाल

10 Who inaugurated Greater Rajasthan ?

(A) Jawaharlal Nehru (B) Sardar Vallabhbhai Patel

(C) Babu Rajendra Prasad (D) V. P. Menon

बृहत्तर राजस्थान का उद्घाटन किसने किया ?

(A) जवाहरलाल नेहरु (B) सरदार वल्लभभाई पटेल

(C) बाबू राजेन्द्र प्रसाद (D) वी. पी. मेनन



HelpStudentPoint.com

11 Rupaji and Kripaji martyrs belong to which peasant movement ?

(A) Bundi (B) Begun
(C) Bijolia (D) Bikaner

रुपाजी एवं कृपाजी शहीदों का सम्बंध किस किसान आन्दोलन से है ?

(A) बूंदी (B) बेगूं
(C) बिजौलिया (D) बीकानेर

12 Which of the following is a source of history of Someshvara ?

(A) Nensi's Khyaat (B) Geet Govind
(C) Prithvi Raj Vijay (D) Hameer Gatha

निम्नलिखित में से कौनसा सोमेश्वर के इतिहास का स्रोत है ?

(A) नेणसी की ख्यात (B) गीत गोविन्द
(C) पृथ्वी राज विजय (D) हम्मीर गाथा

13 Twenty eight coins of Indo-Greek rulers have been found from which of the following sites ?

(A) Nagari (B) Bairat
(C) Nagar (D) Rairh

निम्नलिखित में से किस स्थल से इंडो–ग्रीक शासकों के अट्ठाईस सिक्के प्राप्त हुए हैं ?

(A) नगरी (B) बैराठ
(C) नगर (D) रैढ़

14 Where is the famous Jain temple built by Vimal Shah situated ?

(A) Osian (B) Pali
(C) Delwara (D) Ranakpur

विमल शाह द्वारा बनवाया गया प्रसिद्ध जैन मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) ओसियां (B) पाली
(C) देलवाड़ा (D) रणकपुर

15 The tomb of Rao Maldev is situated in which one of the following city of Rajasthan ?

(A) Kota (B) Jodhpur
(C) Jalore (D) Jaisalmer

राव मालदेव की छतरी निम्नलिखित में से राजस्थान के किस शहर में स्थित है ?

(A) कोटा (B) जोधपुर
(C) जालौर (D) जैसलमेर



16 Rani ji ki Bawri is located in which district of Rajasthan ?

(A) Kota (B) Bundi
(C) Jhalawar (D) Baran

राजस्थान के किस ज़िले में 'रानी जी की बावड़ी' स्थित है ?

(A) कोटा (B) बूंदी
(C) झालावाड़ (D) बारां

17 National Research Centre on seed spices is located at –

(A) Tabiji, Ajmer (B) Durgapura, Jaipur
(C) Mandore, Jodhpur (D) Sewar, Bharatpur

राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र स्थित है –

(A) तबीजी, अजमेर में (B) दुर्गापुरा, जयपुर में
(C) मंडोर, जोधपुर में (D) सेवर, भरतपुर में

18 Which of the following mountain peak is not situated in Northern Aravalli ?

(A) Sajjangarh (B) Raghunathgarh
(C) Bilali (D) Barwara

निम्नलिखित में से कौनसी पर्वत चोटी उत्तरी अरावली में अवस्थित नहीं है ?

(A) सज्जनगढ़ (B) रघुनाथगढ़
(C) बिलाली (D) बरवाड़ा

19 Which one of the following places generally records maximum rainfall in Rajasthan ?

(A) Nathdwara (B) Mt. Abu
(C) Pratapgarh (D) Rawatbhata

निम्नलिखित में से किस स्थान पर राजस्थान में साधारणतः सर्वाधिक वर्षा दर्ज की जाती है ?

(A) नाथद्वारा (B) मा. आबु
(C) प्रतापगढ़ (D) रावतभाटा

20 Where are Tropical Dry Deciduous forests in Rajasthan found ?

(A) Jaipur (B) Alwar
(C) Dausa (D) Tonk

राजस्थान में उष्ण–कटिबंधीय शुष्क पतझड़ वाले वन कहाँ पाये जाते हैं ?

(A) जयपुर (B) अलवर
(C) दौसा (D) टोंक



HelpStudentPoint.com

21 Which of the following policy encourages tourism with ecological conservation ?

(A) Bio tourism policy (B) Eco tourism policy
(C) Conservative tourism policy (D) Safe tourism policy

निम्नलिखित में से कौनसी नीति पारिस्थितिकी संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देती है ?

(A) जैविक पर्यटन नीति (B) इको–टूरिज्म नीति
(C) संरक्षणात्मक पर्यटन नीति (D) सुरक्षित पर्यटन नीति

22 Which of the following rivers of Rajasthan drain into Sambhar lake ?

(A) Luni (B) Megha
(C) Lilri (D) Sagi

निम्न में से कौनसी नदी राजस्थान में सांभर झील में गिरती है ?

(A) लूणी (B) मेघा
(C) लीलड़ी (D) सागी

23 Which of the following districts of Rajasthan have a common boundary with Gujarat ?

(1) Udaipur (2) Banswara
(3) Dungarpur (4) Pratapgarh

Select the correct answer using the codes given below :

(A) (1), (2), (3) and (4) (B) (1), (2) and (3)
(C) (1), (2) and (4) (D) (2), (3) and (4)

निम्नलिखित में से राजस्थान के किन जिलों की सीमारेखा गुजरात से मिलती है ?

(1) उदयपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) डूंगरपुर (4) प्रतापगढ़

नीचे दिये गये कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

(A) (1), (2), (3) तथा (4) (B) (1), (2) तथा (3)
(C) (1), (2) तथा (4) (D) (2), (3) तथा (4)

24 When did the Rajasthan Government approved 'First Forest Policy' ?

(A) February 2010 (B) August 2010
(C) March 2011 (D) June 2012

राजस्थान सरकार द्वारा 'पहली वन नीति' का अनुमोदन कब किया गया ?

(A) फरवरी 2010 (B) अगस्त 2010
(C) मार्च 2011 (D) जून 2012

25 The pair of districts having Red and Yellow soil is -

(A) Alwar – Bharatpur (B) Baran – Kota
(C) Pali – Jodhpur (D) Ajmer – Sirohi

वह जिला युग्म जहाँ लाल व पीली मृदा पायी जाती है –

(A) अलवर – भरतपुर (B) बारां – कोटा
(C) पाली – जोधपुर (D) अजमेर – सिरोही



26 Which of the National Highway passes through Jaipur, Tonk, Bundi, Kota and Jhalawar ?

निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर, टोंक, बूंदी, कोटा एवं झालावाड़ से होकर गुजरता है ?

(A) NH - 12 (B) NH - 14
(C) NH - 15 (D) NH - 65

27 Rajasthan State occupied ________ position in mineral production in India in 2014-15.

(A) first (B) second
(C) third (D) fourth

राजस्थान राज्य खनिज उत्पादन में 2014-15 में भारत में ________ स्थान पर था ।

(A) पहले (B) दूसरे
(C) तीसरे (D) चौथे

28 Which one of the following is not correctly matched ?

| | Animal | | Breed |
|---|---|---|---|
| (A) | Nagauri | – | Cow |
| (B) | Nali | – | Sheep |
| (C) | Shekhawati | – | Goat |
| (D) | Malpuri | – | Buffalo |

निम्नलिखित में से कौनसा एक सही सुमेलित नहीं है ?

| | पशु | | नस्ल |
|---|---|---|---|
| (A) | नागौरी | – | गाय |
| (B) | नाली | – | भेड़ |
| (C) | शेखावाटी | – | बकरी |
| (D) | मालपुरी | – | भैंस |

29 The ratio of financial shares of Centre and State in 'Desert Development Programme' is –

'मरुस्थल विकास कार्यक्रम' में केंद्र और राज्य के वित्तीय अंशदानों का अनुपात है –

(A) 75 : 25 (B) 50 : 50
(C) 25 : 75 (D) 60 : 40

30 Chhapi Irrigation Project is located at –

(A) Jhalawar (B) Kota
(C) Baran (D) Bundi

छापी सिंचाई परियोजना अवस्थित है –

(A) झालावाड़ में (B) कोटा में
(C) बारां में (D) बूंदी में



HelpStudentPoint.com

31 Which amino acid is **not** found in proteins ?

(A) Tyrosine (B) Aspartic acid

(C) Ornithine (D) Glutamic acid

कौनसा अमीनो अम्ल प्रोटीन में **नहीं** होता है ?

(A) टाइरोसिन (B) एस्पार्टिक अम्ल

(C) ऑर्नीथीन (D) ग्लूटैमिक अम्ल

32 Find the correct set of carbohydrates with increasing number of carbon atoms :

(A) Xylose → Galactose → Ribose

(B) Erythrose → Mannose → Xylose

(C) Erythrose → Xylose → Mannose

(D) Ribose → Erythrose → Galactose

बढ़ते हुए क्रम में कार्बन परमाणु युक्त कार्बोहाइड्रेट का सही सेट ज्ञात कीजिए ।

(A) ज़ाइलोज़ → गैलेक्टोस → राइबोज़

(B) एरिथ्रोज़ → मैनोस → ज़ाइलोज़

(C) एरिथ्रोज़ → ज़ाइलोज़ → मैनोस

(D) राइबोज़ → एरिथ्रोज़ → गैलेक्टोस

33 Krebs Henseleit cycle takes place in :

(A) Liver (B) Kidney

(C) Brain (D) Spleen

क्रेब्स हैंसेलिट चक्र किसमें होता है ?

(A) यकृत (B) वृक्क

(C) मस्तिष्क (D) प्लीहा

34 Which by-product of Krebs cycle is responsible for the synthesis of amino acid arginine in mammals ?

(A) Fumarate (B) $\alpha$-Ketoglutarate

(C) Oxaloacetate (D) Succinate

स्तनी में क्रैब्स चक्र के कौनसे उप–उत्पाद से अमीनो अम्ल आर्जिनीन का संश्लेषण होता है ?

(A) फ्यूमरेट (B) $\alpha$-कीटोग्लूटरेट

(C) ऑक्सेलोएसीटेट (D) सक्सीनेट



35 Hamburger's Phenomena is related to

(A) Ammonia shift (B) Chloride shift

(C) Hydrogen shift (D) Bicarbonate shift

हमबर्गर प्रक्रिया का सम्बन्ध है –

(A) अमोनिया विस्थापन से (B) क्लोराइड विस्थापन से

(C) हाइड्रोजन विस्थापन से (D) बाइकार्बोनेट विस्थापन से

36 Pellagra in man is caused by deficiency of which vitamin ?

(A) Niacin (B) Riboflavin

(C) Biotin (D) Pyridoxine

मनुष्य में पैलेग्रा रोग किस विटामिन की कमी के कारण होता है ?

(A) नियासिन (B) राइबोफ्लेविन

(C) बायोटिन (D) पाइरिडॉक्सिन

37 How many substances from the list given below are synthesized from cholesterol ?

(1) Aldosterone (2) Oxytocin

(3) Bile acid (4) Testosterone

(5) Estrogen

निम्न दिए गए पदार्थों में से कितने पदार्थों का संश्लेषण कोलेस्टेरॉल से होता है ?

(1) एल्डोस्टीरोन (2) ऑक्सीटोसिन

(3) पित्त रस (4) टेस्टोस्टीरोन

(5) एस्ट्रोजन

(A) (2) (B) (3)

(C) (4) (D) (5)

38 Widal test in Blood of human suggest the infection of :

(A) *Entamoeba histolytica* (B) *Mycobacterium tuberculosis*

(C) *Rhino virus* (D) *Salmonella typhi*

मानव के रुधिर में विडाल टेस्ट किसके संक्रमण को दर्शाता है ?

(A) *एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका* (B) *माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस*

(C) *राइनो विषाणु* (D) *साल्मोनेला टाइफी*

39 Antibody found in body secretions such as tear and saliva is :

शरीर के स्रावण जैसे अश्रु एवं लार में पाया जाने वाला प्रतिरक्षी है :

(A) IgG (B) IgA

(C) IgE (D) IgM



HelpStudentPoint.com

40 Negative supercoils from DNA can be removed by making transient break in double strand by the enzyme :

(A) Type I topoisomerase (B) Type II topoisomerase
(C) Helicases (D) DNA polymerase

डी एन ए में ऋणात्मक अतिकुण्डलन को कौनसा किण्वक द्वीरज्जुकीय अवस्था में काटता है ?

(A) टोपोआइसोमरेज – I (B) टोपोआइसोमरेज – II
(C) हेलीकेज (D) डी एन ए पोलीमरेज

41 Name the two amino acids which are coded by only one codon -

(A) Leucine and Valine (B) Methionine and Leucine
(C) Methionine and Tryptophan (D) Tryptophan and Valine

उन दो एमिनो अम्ल के नाम बताइए जो केवल एक ही संकेतक (codon) से कोड किए जाते हैं –

(A) ल्युसिन और वेलिन (B) मिथिओनिन और ल्युसिन
(C) मिथिओनिन और ट्रिप्टोफेन (D) ट्रिप्टोफेन और वेलिन

42 Trisomy 13 is associated with which syndrome ?

(A) Down (B) Klinefelter
(C) Edwards (D) Patau

त्रिगुणसूत्रता 13 किस सिन्ड्रोम से सम्बन्धित है ?

(A) डाउन (B) क्लीनफैल्टर
(C) एडवर्ड (D) पटाऊ

43 Which of the following organism has double stranded RNA as its genetic material ?

(A) Influenza virus (B) Reovirus
(C) Poliomyelitis (D) Tobacco Mosaic Virus

निम्न में से किस जीव में आनुवांशिक पदार्थ के रूप में द्विकरज्जुकीय RNA पाया जाता है ?

(A) इन्फ्लूएन्जा विषाणु (B) रियो विषाणु
(C) पोलियोमाइलिटिस (D) तम्बाकू मोजेक विषाणु

44 Which of the following cell organelles oxidises very long fatty acid chains ?

(A) Golgi bodies (B) Dictyosomes
(C) Nucleosomes (D) Peroxisomes

कौनसी कोशिकांग अति लम्बी वसीय अम्ल की श्रृंखला का ऑक्सीकरण करता है ?

(A) गॉल्जी काय (B) डिक्टायोसोम
(C) न्यूक्लीयोसोम (D) परऑक्सीज़ोम



45 Find the number of Annelids from the given list of animals :
*Sabella, Terebella, Polynoe, Aphrodite, Dugesia, Tubifex, Tricanthus.*

नीचे दी गई सूची में कितने जीव संघ एनीलीड़ा के सदस्य है ?
*सबैला, टेरेबेला, पॉलीनो, एफ्रोडाइट, ड्यूजीसिया, ट्यूबीफैक्स, ट्राईकैन्थस*

(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 7

46 Which one of the following is an example of living fossil ?

(A) *Limulus* (B) *Chiton*
(C) Crab (D) *Eupagurus*

निम्न में से कौन जीवित जिवाश्म का उदाहरण है ?

(A) *लिमुलस* (B) *काइटन*
(C) केकड़ा (D) *यूपैगुरस*

47 Animals belonging to same phylum are :

(A) Sea fur, Sea star, Sea mouse (B) Jelly fish, Devil fish, Silver fish
(C) Euglena, Trypanosoma, Elphidium (D) Dugesia, Peripatus, Polynoe

एक ही संघ के प्राणी हैं :

(A) समुद्री फर, समुद्री स्टार, समुद्री चूहा (B) जैली फिश, डेविल फिश, सिल्वर फिश
(C) यूग्लीना, ट्राईपैनोसोमा, एल्फीडियम (D) ड्यूजीसिया, पैरीपेटस, पॉलीनो

48 This African fish which lives in marshy water, is characterised by filamentous fins :

(A) Lepidosiren (B) Pleuronectes
(C) Protopterus (D) Neoceratodus

यह मछली अफ्रीका महाद्वीप में दलदले पानी में पाई जाती है तथा इसके पख तन्तु के समान होते हैं ।

(A) लेपिडोसाइरेन (B) प्लूरोनैकटिस
(C) प्रोटोप्टेरस (D) नियोसिरैटोडस

49 Match the organism with their correct zoological name :

(1) Humans (a) *Apis indica*
(2) Honeybee (b) *Columba livia*
(3) Pigeon (c) *Periplaneta americana*
(4) Cockroach (d) *Homo sapiens*

जीवों को उनके जन्तु वैज्ञानिक नामों से मिलान कीजिए :

(1) मनुष्य (a) *ऐपिस इण्डिका*
(2) मधुमक्खी (b) *कोलम्बा लिविया*
(3) कबूतर (c) *पेरीप्लैनेटा अमेरिकाना*
(4) तिलचट्टा (d) *होमो सैपियन्स*

Choose the correct option -
सही विकल्प चुनिए –

(A) (1) - (c), (2) - (d), (3) - (a), (4) - (b)
(B) (1) - (b), (2) - (c), (3) - (d), (4) - (a)
(C) (1) - (d), (2) - (c), (3) - (a), (4) - (c)
(D) (1) - (d), (2) - (a), (3) - (b), (4) - (c)



HelpStudentPoint.com

50 The spindle shaped, unbranched and involuntary muscles found in visceral organs are :

(A) Skeletal muscles (B) Striated muscles

(C) Cardiac muscles (D) Smooth muscles

आंतरिक अंगों में तर्कु रूपीय, अशाखित एवं अनैच्छिक पेशियाँ हैं :

(A) कंकाल पेशियाँ (B) रेखित पेशियाँ

(C) हृदय पेशियाँ (D) चिकनी पेशियाँ

51 Which of the following is not considered as accessary sex duct in human reproductive system.

(A) Seminiferous tubule (B) Vas deferens

(C) Oviduct (D) Epididymis

मानव प्रजनन तंत्र में निम्नलिखित में से कौनसी सहायक लैंगिक नलिका नहीं मानी जा सकती है ?

(A) शुक्राणुजनन नलिका (B) शुक्रवाहक

(C) अण्डवाहिनी (D) अधिवृषण

52 Which among the following options are the example of tertiary egg membranes ?

(1) Zona pellucida (2) Chitin capsule

(3) Albumin layer (4) Chalaza

Choose the correct option :

(A) (1) and (3) (B) (2) and (3)

(C) (3) and (4) (D) (2) and (4)

निम्न विकल्पों में से कौन तृतीयक अण्ड कलाओं के उदाहरण हैं ?

(1) जोना पेलूसीडा (2) काइटिन केप्सूल

(3) एल्बूमिन स्तर (4) कैलेजा

सही विकल्प को चुनिए :

(A) (1) और (3) (B) (2) और (3)

(C) (3) और (4) (D) (2) और (4)

53 Chemical substances fertilizin and anti-fertilizin are secreted respectively by -

(A) Sperm and ovum (B) Acrosome and mature egg

(C) Ovum and sperm (D) Polar bodies and sperm

फर्टिलाइजिन एवं एन्टीफर्टिलाइजिन नामक रासायनिक पदार्थ क्रमशः निम्न से स्रावित किए जाते हैं –

(A) शुक्राणु और अण्डाणु (B) एक्रोसोम और परिपक्व अण्डे

(C) अण्डाणु और शुक्राणु (D) ध्रुविकाएँ और शुक्राणु



54 Sexually transmitted disease caused by a flagellated protozoan in man is -

(A) Giardiasis (B) Leishmaniasis

(C) Trypanosomiasis (D) Trichomoniasis

मनुष्य में यौन संचारित रोग एक कशाभी प्रोटोजोअन से होता हैं, वह रोग है :

(A) जिआर्डियासिस (B) लीशमेनियासिस

(C) ट्रिपेनोसोमायसिस (D) ट्राइकोमोनिएसिस

55 Island on which Charles Darwin's finches were studies.

(A) Havelock island (B) Majuli island

(C) Munroe island (D) Galapagos island

वह द्वीप जिस पर चार्ल्स डार्विन ने फिन्चिज़ पर जैव विकास के संदर्भ में अध्ययन किया था –

(A) हेवलोक द्वीप (B) मजूली द्वीप

(C) मुनरो द्वीप (D) गालापागोस द्वीप

56 The first fossil of Archaeopteryx was found in -

(A) America (B) India

(C) Germany (D) Russia

आर्किऑप्टेरिक्स का पहला जीवाश्म मिला था –

(A) अमरीका में (B) भारत में

(C) जर्मनी में (D) रुस में

57 Most valuable pearl is obtained from which among the following :

(A) *Unio* (B) *Pinctada*

(C) *Mytilus* (D) *Dentalium*

निम्न में से किससे सबसे मूल्यवान मोती प्राप्त होता है ?

(A) *यूनियो* (B) *पिंक्टेडा*

(C) *माईटिलस* (D) *डेंटेलियम*



HelpStudentPoint.com

58 Hormone which increases the absorption of calcium ions from the renal filtrate is :

(A) Thyroxine (B) Parathormone
(C) Anti-Diuretic Hormone (D) Vasopressin

हार्मोन जो वृक्कीय निस्यंद से कैल्शियम आयनों के अवशोषण को बढ़ाता है –

(A) थाइरॉक्सिन (B) पैराथॉर्मोन
(C) एन्टीडाइयूरेटिक हार्मोन (D) वैसोप्रेसिन

59 Which structure is not found in neurons ?

(A) Schwann cells (B) Nissl granules
(C) Paneth cells (D) Dendrites

कौनसी संरचना तंत्रिका कोशिका में नहीं होती है ?

(A) श्वान कोशिकाएँ (B) निस्सल कण
(C) पैनेथ कोशिकाएँ (D) द्रुमिका

60 Nervous control of respiratory centre is found in which regions of brain ?

(A) Cerebellum (B) Cerebrum
(C) Medulla oblongata (D) Diencephalon

मस्तिष्क के किस भाग में तंत्रिकीय नियन्त्रण के लिए श्वसन केन्द्र स्थित होते हैं ?

(A) सैरेबेलम (B) सैरेब्रम
(C) मैड्यूला ऑब्लेंगेटा (D) डाएनसेफेलोन

61 Which of the following structure is not a component of cerebrum of human brain ?

(A) Insula (B) Frontal lobe
(C) Lateral cerebral sulcus (D) Tectum

निम्न में से कौनसी संरचना मानव मस्तिष्क के प्रमस्तिष्क का भाग नहीं है ?

(A) इनसुला (B) फ्रन्टल पिण्ड
(C) लेटरल सैरेब्रल सल्कस (D) टेक्टम

62 Arrangement of three ear ossicles in a mammalian ear from outside to inside is in order :

(A) Incus, Stapes, Malleus (B) Stapes, Incus, Malleus
(C) Malleus, Incus, Stapes (D) Incus, Malleus, Stapes

स्तनधारियों में बाहर से अन्दर की तरफ उपस्थित कर्ण ऑसिकिल्स की उपस्थिति का क्रम है :–

(A) इन्क़स, स्टेपीज, मैलिअस (B) स्टेपीज, इन्क़स, मैलिअस
(C) मैलिअस, इन्क़स, स्टेपीज (D) इन्क़स, मैलिअस, स्टेपीज



63 Which group of animals are kept in Amniota Group ?

(A) Reptiles, Birds and Mammals
(B) Only Reptiles and Birds
(C) Only Reptiles and Mammals
(D) Only Birds and Mammals

एम्निओटा समूह में कौनसे जन्तु रखे गए हैं ?

(A) सरीसृप, पक्षी और स्तनी
(B) केवल सरीसृप और पक्षी
(C) केवल सरीसृप और स्तनी
(D) केवल पक्षी और स्तनी

64 Name the disease caused by virus in children's salivary glands.

(A) Dengue (B) Measles
(C) Mumps (D) Pneumonia

वायरल संक्रमित रोग जो बच्चों की लार ग्रंथियों को प्रभावित करता है, वह है

(A) डेंगू (B) खसरा
(C) कर्णमूल (D) न्यूमोनिया

65 During petrification process, soft parts of animals and plants are replaced by which minerals ?

(A) Silica and Calcium
(B) Calcium and Zinc
(C) Silica and Iodine
(D) Magnesium and Iron

अश्मीकरण क्रिया द्वारा जीवों व पादपों के कोमल भाग निम्न में से किन खनिज अणुओं के द्वारा विस्थापित होते हैं ?

(A) सिलिका एवं कैल्शियम
(B) कैल्शियम एवं ज़िंक
(C) सिलिका एवं आयोडिन
(D) मैग्नीशियम एवं लोहा



HelpStudentPoint.com

66 Cause of acid rain is –

अम्लीय वर्षा का कारण है –

(A) $O_3$ (B) $SO_2 + NO_2$

(C) CO (D) $CO_2$

67 The word 'Ecosystem' was coined by :

(A) Odum (B) Mobius

(C) Tansley (D) Forbes

पारिस्थित तन्त्र शब्द को सर्वप्रथम प्रतिपादित किया :

(A) ओडम (B) मोबियस

(C) टैन्सले (D) फोर्बस

68 Sunken stomata and multiple epidermis are found in the leaves of –

(A) Barley (B) Nelumbium

(C) Neem (D) Nerium

गर्तीय रन्ध्र एवं बहुस्तरीय अधिचर्म किन पत्तियों में पाई जाती है ?

(A) जौ (B) कमल

(C) नीम (D) नीरियम

69 The successful establishment of plant propagules in an area is known as :

(A) Ecesis (B) Migration

(C) Aggregation (D) Reaction

पादप प्रवर्ध्य का नए क्षेत्र में सफलतापूर्वक स्थापन के प्रक्रम को कहते है

(A) आस्थापन (B) प्रवास

(C) समुच्चयन (D) प्रतिक्रिया



70 Formation of copies of CDNA occurs –

CDNA की प्रतियों का निर्माण होता है –

(A) tRNA (B) rRNA

(C) mRNA (D) DNA

71 Recognition of specific DNA sequence is carried out by

(A) Hormone (B) Vitamins

(C) Restriction enzyme (D) Lipids

विशिष्ट DNA अनुक्रम की पहचान करने का कार्य करते हैं –

(A) हॉर्मोन (B) विटामिन

(C) रेस्ट्रिक्शन एन्जाइम (D) लिपिड्स

72 Humulin is a –

(A) Strong antibiotic (B) Vitamin

(C) Human insulin (D) Digestive enzyme

ह्यूमुलिन एक है –

(A) तीव्र एन्टीबॉयोटिक (B) विटामिन

(C) मानव इन्सुलिन (D) पाचन एन्जाइम

73 Transgenic plants are formed by –

(A) Gene transfer (B) Transformation

(C) Grafting (D) Budding

ट्रान्सजैनिक पौधे उत्पन्न होते हैं –

(A) जीन स्थानान्तरण द्वारा (B) रूपान्तरण द्वारा

(C) कलम द्वारा (D) मुकूलन द्वारा



HelpStudentPoint.com

74 The process by which genetic material is transferred from one bacterium to another through a bacteriophage and the incorporation of this DNA into the host's bacterial DNA is called as :

(A) Conjugation (B) Transformation

(C) Recombination (D) Transduction

एक जीवाणु से डी.एन.ए. खण्ड को दूसरे जीवाणु में जीवाणुभोजी के माध्यम से स्थानान्तरित करना एवं ग्राही जीवाणु के डी.एन.ए. का अंतरित डी.एन.ए. में संयोजन कहलाता है :

(A) संयुग्मन (B) रूपान्तरण

(C) पुनर्योजन (D) पारक्रमण

75 Isabgol used for treating constipation is obtained from seed husk of –

(A) *Glycirrhiza glabra* (B) *Adatoda vasica*

(C) *Plantago ovata* (D) *Aconitum napellus*

इसबगोल जो कि कब्ज की दवा है, किस पादप के बीज की छीलन से प्राप्त होता है ?

(A) *ग्लाइसिराइज़ा ग्लेब्रा* (B) *एडेटोडा वेसिका*

(C) *प्लेन्टैगो ओवेटा* (D) *एकोनिटम नैपेलस*

76 Which species of Riccia is aquatic ?

(A) *Riccia discolor* (B) *Riccia himalayensis*

(C) *Riccia fluitans* (D) *Riccia Crystallina*

रिक्सिया की कौनसी जाति जलीय होती है ?

(A) *रिक्सिया डिसकलर* (B) *रिक्सिया हिमालयेन्सिस*

(C) *रिक्सिया फ्लूटेन्स* (D) *रिक्सिया क्रिसटेलाइना*

77 Each cell of *Volvox* colony has a structure similar to :

(A) *Ulothrix* (B) *Spirogyra*

(C) *Chlamydomonas* (D) *Nostoc*

*वॉल्वॉक्स* कॉलोनी की प्रत्येक कोशिका की संरचना किसके समान होती है ?

(A) *यूलोथ्रिक्स* (B) *स्पाइरोगायरा*

(C) *क्लैमाइडोमोनास* (D) *नोस्टॉक*



78 Rhizoids and scales are found in :

(A) Bacteria (B) Fungi

(C) Algae (D) Bryophyta

मूलाभास एवं शल्क पाये जाते है :

(A) जीवाणु में (B) कवक में

(C) शैवाल में (D) ब्रायोफाइट में

79 The term meristem was given by -

(A) N. Grew (B) C. Nageli

(C) Hanstein (D) Strasburger

शब्द विभज्योतक दिया है –

(A) एन. ग्रू (B) सी. नैगेली

(C) हेन्सटीन (D) स्ट्रासबरगर

80 In plants of Graminae family, protein is mainly found in –

(A) Endosperm (B) Cotyledons

(C) Nucellus (D) Aleurone layer

ग्रेमिनी कुल के पादपों में प्रोटीन मुख्यतया पाया जाता है –

(A) भ्रूणपोष में (B) बीजपत्र में

(C) बीजाण्डकाय में (D) ऐल्यूरॉन परत में

81 Velamen, the spongy tissue, is present in -

(A) Breathing roots (B) Parasitic roots

(C) Tuberous roots (D) Epiphytic roots

वेलामेन, स्पंजी ऊतक है, जो कि उपस्थित होता है

(A) श्वसन मूल में (B) परजीवी मूल में

(C) कन्दीय मूल में (D) अधिपादप मूल में



HelpStudentPoint.com

82 Photosynthetic function of opentia is carried out by –

(A) Corm (B) leaf

(C) Bulb (D) Phylloclade

नागफनी में प्रकाश संश्लेषण का कार्य किया जाता है –

(A) घनकंद (B) पत्ति

(C) बल्ब (D) पर्णाभपर्ण

83 Adventitious root develop from –

(A) Radicle (B) Plumule

(C) Any part other than radicle (D) Cotyledons

अपस्थानिक मूल विकसित होती है –

(A) मूलांकुर से (B) प्रांकुर से

(C) मूलांकुर के अलावा अन्य भाग से (D) बीजपत्र से

84 From where, parenchymatous cells enter in tyloses ?

(A) Lenticels (B) Stomata

(C) Pits (D) Intercellular space

टायलोसिस में मृदूतकीय कोशिकाएँ कहाँ से प्रवेश करती हैं ?

(A) वातरन्ध्र से (B) रन्ध्र से

(C) गर्त से (D) अन्तरकोश्कीय अवकाश से

85 Cortical bundles are found in –

(A) Boerhaavia (B) Dracena

(C) Bignonia (D) Nyctanthus

बल्कुटी बंडल पाये जाते हैं –

(A) बोहरेविया में (B) ड्रेसीना में

(C) बिग्नोनिया में (D) निक्टेन्थस में

86 In dicot stems, cambium present between primary xylem and primary phloem is :

(A) Afascicular cambium (B) Intrafascicular cambium

(C) Interfascicular cambium (D) Non-fascicular cambium

द्विबीजपत्री तने में यह एधा, प्राथमिक दारू एवं प्राथमिक पोषवाह के मध्य उपस्थित होती है :

(A) अपूलीय एधा (B) अन्तःपूलीय एधा

(C) अन्तरापूलीय एधा (D) अनपूलीय एधा



87 Bark does not include :

(A) periderm (B) secondary phloem

(C) cork cambium (D) secondary xylem

छाल सम्मिलित नहीं करती है :

(A) परिचर्म (B) द्वितीयक पोषवाह

(C) कार्क एधा (D) द्वितीयक दारू

88 Osmotic pressure is highest in

(A) Xerophytes (B) Hydrophytes

(C) Halophytes (D) Mesophytes

अधिकतम परासरण दाब पाया जाता है –

(A) मरुद्भिद (B) जलोद्भिद

(C) लवणोद्भिद (D) मीज़ोद्भिद

89 Kranz anatomy is found in the leaves of –

(A) $C_3$ plants (B) $C_4$ plants

(C) CAM plants (D) Evergreen plants

पत्तियों में क्रन्ज प्रकार की शरीर संरचना पाई जाती है –

(A) $C_3$ पादपों में (B) $C_4$ पादपों में

(C) CAM पादपों में (D) सदाबहार पादपों में

90 In which of the following substrates the Respiratory Quotient is less than 1 ?

(A) Starch (B) Glucose

(C) Sucrose (D) Fat

निम्नलिखित में से किस क्रियाधार का श्वसन गुणांक 1 से कम है ?

(A) स्टार्च (B) ग्लुकोज

(C) सुक्रोज (D) वसा

91 Which of the following is known as universal energy currency of cell ?

कोशिका की सार्वत्रिक ऊर्जा मुद्रा कहलाती है –

(A) ATP (B) DNA

(C) RNA (D) AMP



HelpStudentPoint.com HelpStudentPoint.com HelpStudentPoint.com

92 Which one of the following is a parasitic algae ?

(A) Oedogonium (B) Cephaleuros

(C) Sargassum (D) Spirogyra

निम्न में से कौनसी परजीवी शैवाल है ?

(A) ओइडोगोनियम (B) सिफैल्यूरोज

(C) सरगैसम (D) स्पाइरोगाइरा

93 Ovular structure which direct the growth of pollen tube towards micropyle is called as –

(A) Tapetum (B) Funicle

(C) Nucellus (D) Obturator

बीजाण्डीय रचना जो की परागनलिका को बीजाण्डद्वार की ओर वृद्धि हेतु मार्ग प्रशस्त करती है, कहते हैं –

(A) भ्रूणपोष (B) बीजाण्डवृन्त

(C) बीजाण्डकाय (D) सेतुक

94 The type of flagellation in which flagella are found all over the surface of a bacterium is known as :

(A) Peritrichous (B) Lophotrichous

(C) Amphitrichous (D) Atrichous

वह कशाभिका विन्यास जिसमें कशाभिकाएँ जीवाणु की पूरी सतह पर फैली रहती है, कहलाती है :

(A) परिरोमी (B) गुच्छकशाभी

(C) उभकशाभी (D) अरोमी

95 The function of Mesosomes in a Bacterial cell is :

(A) Photosynthesis (B) Reproduction

(C) Protein synthesis (D) Respiration

जीवाणुओं में मीज़ोसोम्स का कार्य है :

(A) प्रकाशसंश्लेषण (B) जनन

(C) प्रोटीन संश्लेषण (D) श्वसन



96 "Isomorphic Alternation of Generation" is found in :

(A) *Volvox* (B) *Ulothrix*

(C) *Ceramium* (D) *Ectocarpus*

''आइसोमॉर्फिक पीढ़ियों का एकान्तरण'' पाया जाता है :

(A) *वॉल्वॉक्स* (B) *यूलोथ्रिक्स*

(C) *सिरेमियम* (D) *एक्टोकारपस*

97 Vector of viruses is -

(A) Saprolegnia (B) Pythium

(C) Phytophthora (D) Olpidium

वायरसेस का वाहक है

(A) सेप्रोलेग्निया (B) पीथियम

(C) फाइटोफ्थोरा (D) ऑलपीडियम

98 From which part of plant cinnamon used as a spice or condiment, is obtained ?

(A) Bud (B) Seed

(C) Bark (D) Ovary

दालचीनी जो कि मसाले के रूप में उपयोग आती है, पादप के कौन–से भाग से प्राप्त होती है ?

(A) कलिका (B) बीज

(C) छाल (D) अण्डाशय

99 Which of the following viruses is devoid of protein coat & only RNA remain present ?

(A) Potato Spindle Tuber Virus (PSTV)

(B) Polyoma Virus

(C) Mumps Virus

(D) Tobacco Mosaic Virus (TMV)

निम्न में से कौन–सी वायरस में प्रोटीन आवरण अनुपस्थित होता है, केवल RNA उपस्थित होता है ?

(A) पोटेटो स्पिन्डल ट्यूबर वायरस (PSTV)

(B) पोलिओमा वायरस

(C) मम्पस वायरस

(D) तम्बाकू की मोज़ाईक वायरस (TMV)

100 Virus free plant can be obtained from –

(A) Stem (B) Root

(C) Apical meristem (D) Leaves

विषाणुरहित पादप प्राप्त हो सकते हैं –

(A) स्तम्भ से (B) मूल से

(C) शीर्षस्थ विभज्योतक से (D) पत्तियों से



HelpStudentPoint.com